**बढ़ी रफ्तार** • ऑफलाइन आवेदन लेने के निर्देश के बाद जिले में अब तक 2.40 लाख आवेदन जमा हुए

# प्रक्रिया आसान होने से मंईयां योजना में 1.30 लाख आवेदनों का हुआ रजिस्ट्रेशन

सिटी रिपोर्टर | बोकारो

आवेदन की प्रक्रिया आसान होने के बाद बोकारो में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को बड़ी राहत मिली है। जिले में इसके आवेदन रजिस्ट्रेशन करने की रफ्तार बढ़ी है। यहां अभी तक 1.30 लाख आवेदनों का रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है।

सभी पंचायतों और नगर परिषद व नगर निगम क्षेत्र से 2.40 लाख आवेदन जमा हो चुके हैं। प्रक्रिया आसान होने के बाद योजना ने गति पकड़ ली है। पिछले 3 अगस्त से विभिन्न केन्द्रों पर आवेदन जमा करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन सर्वर ठप रहने के कारण शुरुआत के तीन-चार दिनों तक महज एक-दो फीसदी ही आवेदन अपलोड हो पाया था। जिसे लेकर केन्द्रों पर महिलाओं की भीड़ के साथ अफरा-तफरी मची रही। आवेदन जमा करने के लिए महिलाओं को दिन भर केन्द्रों में इंतजार करना पड़ता था और निराश होकर घर लौटना पड़ता था। कमोवेश पूरे झारखंड की यही स्थिति थी, लेकिन बाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले पर संज्ञान लिया और न सिर्फ आवेदन जमा करने की तिथि में विस्तार करने का आदेश जारी किया, बल्कि आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को भी आसान किया गया। ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन आवेदन जमा करने की भी छूट महिलाओं को दी गई। इसके अलावा वोटर कार्ड, राशन कार्ड सहित कई अन्य कागजात की भी बाध्यता खत्म की गई। सिर्फ आधार कार्ड व अन्य एक-दो कागजात की अनिवार्यता रखी गई। जिसका सुखद परिणाम सामने आया और तेज गति से आवेदन जमा होने लगा।



सावित्री बाई फुले के आवेदनों की जांच करती पर्यवेक्षिकाएं।

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के मूल आवेदनों की पर्यवेक्षिकाओं ने की जांच

महिला समाज कल्याण विभाग में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत उपलब्ध कराए गए लाभुकों के मूल आवेदन पत्रों में सूची के अनुसार काफी त्रुटियां पाई गई है। इसे देखते हुए आवेदनों की जांच कराई जा रही है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देश पर इसके लिए सभी प्रखंडों से महिला पर्यवेक्षिकाओं को प्रतिनियुक्त किया गया है। कहा गया है कि लाभुक का नाम, लाभुक का बैंक खाता संख्या, पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर व सूची अनुसार आवेदनों का मिला कराना है। इसके लिए रविवार को भी ऑफिस में काम-काज हुआ। त्रुटि निराकरण के लिए महिला पर्यवेक्षिका कुमारी चेतना, कुंतल रानी, आशा कुमारी, प्रतिमा कच्छप, मीनू कुमारी, सुषमा कुमारी, आरजू प्रवीण, संयुक्ता कुमारी, ललिता कुमारी, सुषमा गुप्ता, प्रियंका कुमारी, मधु कुमारी, पूनम लकड़ा, कंचन कुमारी आदि को प्रतिनियुक्त किया गया।

## जिले में इस योजना की प्रक्रिया में आई है तेजी

ऑफलाइन आवेदन जमा होने के बाद मुख्यमंत्री मंईयां योजना की प्रक्रिया में तेजी आई है। सभी केंद्रों में बेहतर काम हो रहा है। यही कारण है कि जिले में अभी तक 1.30 लाख आवेदनों का रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है। अभी 15 अगस्त को लाभुकों की संख्या में और अधिक बढ़ोत्तरी होगी।
**श्री पियूष,** सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, बोकारो।

## बजरंग दल पेटरवार प्रखंड कमेटी का किया पुनर्गठन



बैठक के दौरान उपस्थित लोग।

**पेटरवार** | विश्व हिंदू परिषद, पेटरवार प्रखंड की बैठक रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जिला मंत्री दिलीप कर्मकार के नेतृत्व में हुई। बैठक में बजरंग दल पेटरवार प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुशवाहा, उपाध्यक्ष सुधीर मल्हार, मंत्री मोहित सिंह, संयोजक अमित सिंह, सह संयोजक कुंदन सिंह, गोरक्षा प्रमुख किशोर कुमार, सत्संग प्रमुख संजीव कुमार महतो, प्रचार प्रसार प्रमुख अरुण कुमार महतो, विद्यार्थी संपर्क प्रमुख कुणाल कुमार नायक, संपर्क प्रमुख आयुष कुमार प्रसाद को बनाया गया। बैठक के दौरान आने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। आगामी 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा तथा 1 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री दीपक मंडल की देखरेख में हुआ। बैठक में मुख्य रूप से विहिप के जिला सह मंत्री शिशु ठाकुर, सुधीर मल्हार आदि थे।

# डिप्लोमा धारी कामगार यूनियन ने लगाए पौधे



पौधे लगाते यूनियन के सदस्य।

सिटी रिपोर्टर | बोकारो

बोकारो इस्पात डिप्लोमा धारी कामगार यूनियन ने सेक्टर-4जी के मैदान के चारों तरफ पौधरोपण किया। इस दौरान नीम, अशोक और झारंडा के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारी ने इस इलाके में रहने वाले कर्मचारियों से भी इसमें शामिल होने का आग्रह किया। उसके बाद सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण करने का निर्णय लिया। सभी लोगों ने भविष्य में पूरे परिवार समेत और पेड़ लगाने की शपथ ली। मौके पर यूनियन के अध्यक्ष रविशंकर, महामंत्री संदीप कुमार, उपाध्यक्ष रितेश कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू शाह, संगठन मंत्री विकाश कुमार, संगठन मंत्री संजय कुमार, राजीव उरांव, चंदन कुमार, अमरजीत पासवान, निरंजन कुमार, सूरज कंसारी, पीताम्बर, नरेंद्र, ज्योति कृष्णा, राम प्रकाश, कपिल, दीन दयाल, उपेंद्र, कौशल, नितेश, राज कुमार, अनिल कुमार, विद्या, वेमुला रवितेजा आदि उपस्थित रहे।

## जीजीपीएस के विद्यार्थी ने बनाई प्राचार्य की तस्वीर

**बोकारो** | सेक्टर-5 स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के क्लास-9 के छात्र अनिक गोस्वामी ने अपने प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती की तस्वीर बनाई। जबकि अनिक ने कहा कि उसने आज तक पेंटिंग की शिक्षा कहीं से नहीं ली। उसने कहा कि कोरोना काल में सोशल मीडिया से पेंटिंग का काम सीखा। उसके बाद प्रैक्टिस करना शुरू कर दिया। उसने प्राचार्य की तस्वीर हर दिन थोड़ा-थोड़ा समय निकालकर इस काम को किया। प्राचार्य चक्रवर्ती ने कहा कि छात्र अनिक कराटे का खिलाड़ी है। उसने 2023 दिसंबर में इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# जरीडीह में घर-घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित कर फहराया राष्ट्रीय ध्वज




घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का शुरुआत करते भाजपा नेता लक्ष्मण नायक व अन्य।

भास्कर न्यूज | जैनामोड़

तीरो गांव के राम मंदिर परिसर में घर-घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से जिला 20 समिति के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक उपस्थित रहे। नायक ने बेरमो विधानसभा के जरीडीह प्रखंड क्षेत्र में घर-घर अभियान की शुरुआत की। नायक ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक के दौरान लोगों से देश के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया, ताकि तिरंगे के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम को और मजबूत हो सके। मौके पर रामदयाल सिंह, अशोक मिश्रा, सुभम बनर्जी, राहुल सिंह, देवाशीष मुखर्जी, रतन सिंह, सुधीर महतो, सुचंद महतो, उपेंद्र महतो, सुबोध कुमार देव, राहुल चटर्जी, आलोक सिंह, दुबराज कपरदार, मधुसूदन दास, राकेश महतो, अजय कुमार, निहाल सिंह, निताय साव, करमचंद महतो, ओम प्रकाश नायक, रोहन महतो, भागीरथ गोस्वामी, देवेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## धमन भट्टी की समस्याओं को दूर करे प्रबंधन: किशोर

**बोकारो** | बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने धमन भट्टी मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर धमनभट्टी में स्थानीय समस्याओं का निराकरण कराने के लिए पत्र भेजा है। विभागीय प्रतिनिधि किशोर मुर्मू ने कहा कि विगत कुछ दिन पहले यूनियन पदाधिकारियों और धमन भट्टी में कार्यरत गैर कार्यपालक कार्मिकों के साथ एक बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें कर्मचारियों ने अपनी स्थानीय समस्याओं को यूनियन के साथ साझा किया था। कार्यस्थल पर वायरलेस नेटवर्क की समस्या तथा मोबाईल नेटवर्क की समस्या रहती है। हीट, डस्ट तथा उच्च ध्वनि भत्ता को शुरू किया जाए। आश्रित नियोजन नीति के तहत नियोजित कर्मियों का सेवा काल में प्रशिक्षण अवधि को जोड़ना जरूरी है। इंसेंटीव, रिवार्ड को संशोधित करना होगा। 2014 से बंद डेली रिवार्ड को पुनः शुरु किया जाए। पर्सनल प्रोटेक्टिव ईक्युपमेंट जैसे गैस मॉस्क, ईयर प्लग, रेन कोट, सुरक्षा जुता, हैण्ड गलव्स को समयबद्ध उपलब्ध कराना है। ग्रेट प्लेस टू वर्क उपाधि सिर्फ कागजों में नही दिखनी चाहिए बल्कि कार्यस्थल पर भी वास्तविक तौर पर ग्रेट प्लेस टू वर्क हो। यूनियन का कार्य कर्मचारियों की समस्याओं को उठाना है।

## डीसी ने 2 कर्मियों का किया ट्रांसफर, एक ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

सिटी रिपोर्टर | बोकारो

उपायुक्त विजया जाधव ने प्रशासनिक दृष्टि से जिले के 2 राजस्व उप निरीक्षकों का ट्रांसफर किया है। जबकि फरवरी 2024 में ही इनका स्थानांतरण किया गया था। 6 माह के अंदर इनके दोबारा स्थानांतरण होने पर विभाग के कर्मी आश्चर्य चकित हैं। डीसी ने 7 अगस्त 2024 को चास अंचल में पदस्थापित प्रकाश चंद्र दास को पेटरवार और पेटरवार अंचल में पदस्थापित अशोक कुमार मिश्रा को चास अंचल में पदस्थापित किया है। साथ ही अंचलाधिकारी को आदेश दिया है कि स्थानांतरित राजस्व उप निरीक्षकों को अविलंब नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान करने के लिए विरमित करें। उनका अगस्त का वेतन नव पदस्थापित कार्यालय से मिलेगा। वहीं दूसरी ओर असामयिक स्थानांतरण होने पर राजस्व उप निरीक्षक प्रकाश चंद्र दास ने अपने संघ के अध्यक्ष व महासंघ के साथ-साथ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि वे एक बीमार, कमजोर और दलित व्यक्ति हैं। जिसे देखकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि छह माह पहले चंदनकियारी से चास अंचल कार्यालय में उनका तबादला किया गया था। फिर से उन्हें चास अंचल से पेटरवार के लिए तबादला कर दिया गया है। कहा कि वे एक बीमार व्यक्ति हैं और उनकी सेवा काल भी कम है।

## कोर्ट नोटिस

**न्यायालय, सिविल जज (वरीय कोटी)- III, बोकारो**
**Original Suit No. 73 / 2022**
**मेसर्स बी०सी०सी०एल०, ई०जे० एरिया, भोरा (जी०एम०) .....वादी**
**बनाम्**
**झारखंड सरकार, किस्टो मांझी एवं अन्य .....प्रतिवादीगण**

**नोटिस बनाम्**
**1. लेगान मरांडी (प्रतिवादी सं0-8 (I)), पिता- कार्लो मांझी**
**2. मंगल मरांडी (प्रतिवादी सं०- 8 (II)), पिता- कार्लो मांझी**
सभी साकीम- ग्राम गूँदानिभीठा (चंदनकयारी) पो०+पी०एस०- चंदनकयारी, जिला- बोकारो, झारखंड

इस प्रकाशन के माध्यम से आप सबों को सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध उपरोक्त वाद मे स्वत्व वाद का मुकदमा दायर किया गया है। उपरोक्त वाद मे आप सभी प्रतिवादी हैं। न्यायालय द्वारा नोटिस निर्गत होने के बावजूद आप न्यायालय में उपस्थित नही हो रहे हैं।

अतः आप सबों को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **दिनांक- 14.08.2024 को सुबह 10:30 बजे** स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर उक्त वाद में अपना पक्ष रखें, अन्यथा आप सबों की अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय की जाएगी।

**ह०/- सिविल जज (वरीय कोटी)-III**
**सिविल कोर्ट, बोकारो**

## एक मुलाकात अपनों के साथ अभियान का आयोजन

**चंदनकियारी** | कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने चंदनकियारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जलेश्वर दास के साथ चंद्रा में एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनहित के कार्यों पर चर्चा की।

उन्होंने लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना ही हेमंत सरकार का लक्ष्य है। ऐसा कोई व्यक्ति न हो, जिसे जनहित की योजनाओं से वंचित रहना पड़े। कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को हर लाभुक तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता हर संभव सहयोग करें तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि चंदनकियारी में लगातार कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है।

## किसान संगठन ने खुदीराम बोस को दी श्रद्धांजलि

**चंदनकियारी** | ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने चंदनकियारी प्रखंड के हराइकुरवा गांव में खुदीराम बोस का शहादत दिवस मनाया। उनके फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जिला अध्यक्ष धुर्जोटी घोष ने खुदीराम बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद बोस अल्पायु में ही देश के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए, लेकिन वर्तमान समय की स्थिति कुछ और ही है, यहां जब जिसको मौका मिला, देश व राज्य की चिंता छोड़ लूटने में ही व्यस्त रहा। उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। मौके पर कमल महतो, रामलाल महतो, बंशी महतो, गोपाल महतो आदि उपस्थित थे।





